# बरेली में बुलडोजर का बड़ा एक्शन

**डॉ. नफीस का 5 करोड़ का बारात घर जमींदोज, 3 बुलडोजर लगे**



**बरेली. 4 अक्टूबर. बरेली में सांप्रदायिक बवाल के बाद अब प्रशासनिक शिकंजा तेजी से कस रहा है. तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस की संपत्ति पर शनिवार को बुलडोजर चलाया गया.**

26 सितंबर को हुए बरेली बवाल के बाद अब प्रशासन ने सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है. शनिवार को नगर निगम और बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने किला क्षेत्र के जखीरा में स्थित डॉ. नफीस के रजा पैलेस बारातघर पर बुलडोजर चला दिया. यह कार्रवाई तीन बुलडोजरों की मदद से की गई. मौके पर भारी पुलिस बल, पीएसी की तैनाती रही. डॉ. नफीस को पहले ही उनके बेटे समेत गिरफ्तार किया जा चुका है. आरोप है कि उन्होंने लोगों को प्रदर्शन के लिए उकसाया और पुलिस अफसर को धमकाया था. इस बारातघर की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जो लगभग 10 हजार वर्गफुट में फैला था. इसमें 10 कमरे थे और इसे अवैध रूप से बनाया गया था. इससे पहले सुबह-सुबह नगर निगम की टीम ने सैलानी मार्केट में भी बड़ी कार्रवाई की.

टीन शेड और अस्थायी निर्माणों को हटाया गया. नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने साफ कहा है कि जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां बुलडोजर चलेगा. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि हिंसा फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. 26 सितंबर को जुमा नमाज के बाद दो मस्जिदों से निकली भीड़ ने 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर लेकर इस्लामिया ग्राउंड की ओर जाने की कोशिश की थी. पुलिस ने रोका तो पथराव शुरू हो गया. इसके बाद शहर के कई हिस्सों में हिंसा फैल गई.

# गवई बोले- भारत में बुलडोजर नहीं, कानून का राज चलता है

**मॉरीशस/नई दिल्ली 4 अक्टूबर. देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई ने एक बार फिर 'बुलडोजर न्याय' की कड़ी आलोचना की है.**

इस बार उन्होंने भारत नहीं, बल्कि मॉरीशस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंच से कहा भारत कानून से चलता है, बुलडोजर से नहीं. ये 10 दिनों में उनका दूसरा ऐसा बयान है, जो सरकारों को स्पष्ट संदेश देता है. मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शुक्रवार को मॉरीशस में आयोजित 'सर मौरिस रॉल्ट स्मृति व्याख्यान 2025' में 'बुलडोजर एक्शन' को लेकर दो टूक बात कही. उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि कार्यपालिका न तो जज बन सकती है, न जूरी, और न ही जल्लाद. कानून के दायरे से बाहर जाकर की गई कोई भी कार्रवाई, चाहे वह बुलडोजर चलाना ही क्यों न हो, संविधान के अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है. गवई ने अपने भाषण में कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में कानून का शासन ही सुशासन और सामाजिक प्रगति का मानक होता है. बुलडोजर संस्कृति इस व्यवस्था को नुकसान पहुंचाती है.



# बैंडमेट का आरोप जुबीन गर्ग को जहर देकर मारा गया

▶ जुबीन की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट परिवार को सौंपी

**नई दिल्ली/गुवाहाटी, 4 अक्टूबर. मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की रहस्यमयी मौत की गुत्थी अब और उलझती जा रही है. सीआईडी द्वारा उनकी दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट शनिवार को पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग को सौंप दी गई.**

इस बीच उनके बैंडमेट ने चौंकाने वाला आरोप लगाया है कि जुबीन को सिंगापुर में जानबूझकर जहर दिया गया और यह एक सुनियोजित साजिश थी. मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है. असम पुलिस की क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने शनिवार को जुबीन की दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट उनकी पत्नी गरिमा को सौंप दी. यह रिपोर्ट गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में 23 सितंबर को किए गए पोस्टमॉर्टम के बाद तैयार की गई थी. इससे पहले सिंगापुर में हुई पहली रिपोर्ट गरिमा को गुरुवार को दी गई थी. वहीं, इस केस में गिरफ्तार किए गए जुबीन के बैंडमेट शेखर ज्योति गोस्वामी ने पुलिस रिमांड के दौरान सनसनीखेज दावा किया है कि जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और कार्यक्रम आयोजक श्यामकानु महंत ने उन्हें सिंगापुर में जहर दिया था, जिसके बाद समुद्र में तैरते वक्त उनकी मौत हो गई. पास मौजूद रिमांड नोट में शेखर का बयान दर्ज है, जिसमें बताया गया कि जुबीन को जहर देने के बाद वीडियो न साझा करने के लिए धमकाया गया.

**विसरा दिल्ली स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक लैब भेजा**

यह भी दावा किया गया कि जब जुबीन तैरते समय डूब रहे थे, तब मैनेजर सिद्धार्थ को कहते हुए सुना गया- जाबो दे, जाबो दे. (उसे जाने दो). गवाहों के अनुसार, जुबीन कुशल तैराक थे और सामान्य परिस्थितियों में उनका डूबना संभव नहीं था. इसी के आधार पर साजिश की आशंका और गहराई है. दूसरे पोस्टमार्टम के बाद जुबीन का विसरा दिल्ली स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक लैब भेजा गया है. रिपोर्ट आने के बाद ही ज़हर देने के आरोपों की पुष्टि या खंडन संभव होगा. इस मामले में पुलिस ने जुबीन के मैनेजर, आयोजक श्यामकानु महंत, और दो बैंडमेट्स को गिरफ्तार किया है.

# बिहार में विकास की हो रही है बरसात

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मखाना महोत्सव में की सहभागिता

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिहार प्रवास के दौरान पटना में आयोजित मखाना महोत्सव-2025 में सहभागिता की.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार आज देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भी मखाना उत्पादन का केंद्र बन चुका है. शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किए गए मखाना बोर्ड के गठन के साथ ही केंद्र और राज्य की नीतीश सरकार के अनेकानेक कार्यों के माध्यम से बिहार में विकास की बरसात हो रही है. केंद्रीय मंत्री



शिवराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा हाल ही में युवाओं को, विशेषकर बिहार के युवाओं को 64 हजार करोड़ रुपये की ऐतिहासिक सौगात प्रदान की गई है. शिवराज सिंह ने कहा कि बिहार में बदरा बरस रहा है और विकास की बरसात भी हो रही है, आज विकसित भारत का सूरज बिहार के भाग्य पर चमक रहा है.

केंद्रीय मंत्री चौहान ने किसानों के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित प्रमुख फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का भी उल्लेख किया और कहा कि मसूर, उड़द और अरहर किसान जितना भी उत्पादन करेंगे, केंद्र सरकार उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूरा खरीदेगी. उन्होंने मखाने को गरीबों के लिए अद्भुत वरदान बताते हुए कहा कि बिहार आज देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भी मखाना उत्पादन का केंद्र बन चुका है. पहले जहां मखाना केवल 3 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में उगाया जाता था.

# गाजा में शांति की उम्मीद इजरायल और हमास ट्रंप प्लान पर सहमत

**गाजा, 4 अक्टूबर. इजरायल-हमास युद्ध पर निर्णायक मोड़ आ गया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना पर हमास ने सहमति जताई है और इजरायल ने सैन्य हमले रोकने का आदेश दिया है.**

हालांकि, गाजा में अब भी हमले जारी हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की पहल का स्वागत किया है. यह पहल युद्ध को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है. गाजा पट्टी में पिछले दो वर्षों से चल रही भीषण जंग अब निर्णायक मोड़ पर है. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना को लेकर इजरायल और हमास दोनों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है. ट्रंप ने शुक्रवार को इजरायल से बमबारी तुरंत रोकने और हमास से बंधकों की रिहाई की अपील की. इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने घोषणा की कि गाजा सिटी पर कब्जे का अभियान रोका जा रहा है और ट्रंप की योजना के पहले चरण को लागू किया जाएगा. हमास ने भी कहा है कि वह सभी बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत को तैयार है और गाजा की सत्ता किसी स्वतंत्र फिलिस्तीनी निकाय को सौंपने पर विचार किया जा सकता है. हालांकि अभी कई मुद्दों पर सहमति बनना बाकी है. इस बीच गाजा में हमले अब भी जारी हैं, जिससे पूरी शांति अभी भी अधूरी प्रतीत होती है. डोनाल्ड ट्रंप की पहल रंग लाई है.

# गाजा पर बमबारी बंद करे इजरायल : ट्रम्प

**वाशिंगटन.** ट्रम्प ने इजरायल से गाजा पर तत्काल बमबारी रोकने का कहा है. ट्रम्प ने हमास के इजरायल के बंधकों को रिहा करने पर राजी होने के बाद इजरायल से तत्काल गाजा पर हमला रोकने को कहा. इससे पहले ट्रम्प ने हमास को गाजा संघर्ष को खत्म करने और एन्क्लेव का पुनर्निर्माण करने के लिये उनकी 20 सूत्रीय योजना को मानने को कहा था. साथ ही चेतावनी भी दी थी कि अगर वह बात नहीं मानता है, तो हमास के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. इसके बाद हमास ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों को अपना जवाब दिया.समूह ने कहा कि वह कार्यान्वयन विवरण पर मध्यस्थों के माध्यम से तत्काल बातचीत शुरू करने के लिये तैयार है.

## एक नजर में



### निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों का सम्मान

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर.** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया. पंडित दीनदयाल मार्ग पर स्थित पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा अध्यक्षता में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने सभी श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिवादन किया. संतोष और सचदेवा ने कहा, भाजपा परिवार के इस नए भवन में हमारे श्रमिक साथियों का श्रम ही वास्तविक आधारशिला है और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी मजबूत और सुन्दर कार्यालय का निर्माण के लिए श्रमिकों का अभिनंदन किया.

### चीन में मातमो तूफान को लेकर अलर्ट जारी

**बीजिंग, 4 अक्टूबर.** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर शनिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया. चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है. यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है. राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. एनएमसी ने कहा कि रविवार को दिन के समय इसके दक्षिण चीन में स्थित ग्वांगडोंग प्रांत के डियानबाई से लेकर हैनान प्रांत के वानिंग तक के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देने की आशंका है. वही शनिवार सुबह से रविवार सुबह तक इस तूफान के चीन के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में पहुंचने से तेज़ हवाएँ चलने और भारी बारिश के आसार हैं.

### पाकिस्तान में आया 4.5 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद, 4 अक्टूबर.** शनिवार देर रात पाकिस्तान में फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। 4.5 तीव्रता का यह भूकंप 10 किलोमीटर गहराई में आया, जिससे रात 2 बजे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए. बीते एक महीने में कराची समेत देश के कई हिस्सों में लगातार छोटे-बड़े भूकंप आ रहे हैं. वैज्ञानिकों ने बड़े खतरे की चेतावनी दी है. पाकिस्तान में धरती एक बार फिर थर्राई. शनिवार रात 1.59 बजे 4.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कई इलाकों में दहशत फैल गई.

# पीओके में पाक सरकार ने किया समझौता

**इस्लामाबाद, 4 अक्टूबर. पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पिछले 5 दिनों से जारी हिंसक विरोध ने सरकार और सेना को झुकने पर मजबूर कर दिया.**

10 से अधिक मौतों और सैकड़ों घायलों के बाद, शहबाज शरीफ सरकार ने प्रदर्शनकारियों से 25 सूत्रीय समझौता किया. इसमें मुआवजा, चिकित्सा सुविधाएं, प्रशासनिक सुधार और विकास योजनाएं शामिल हैं. पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर इन दिनों बड़े जनविरोध की आग में झुलस रहा है. जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में जनता सड़कों पर उतर आई थी. महंगाई, बिजली संकट, भ्रष्टाचार और बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ शुरू हुआ यह आंदोलन हिंसक रूप ले बैठा. लगातार 5 दिनों तक चली झड़पों में अब तक 10 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 3 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. इस गहराते संकट को काबू करने में पाकिस्तानी सेना और सरकार दोनों ही नाकाम रहीं. नतीजतन, शहबाज शरीफ सरकार को आखिरकार आंदोलनकारियों की शर्तें माननी पड़ीं.


समझौते में मुआवजा, स्वास्थ्य सेवाओं में मशीनें उपलब्ध कराने जैसी मांगों को मंजूरी दी गई है. अब इस संधि को 'शांति की जीत' बताया जा रहा है, लेकिन हालात अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हैं. सरकार के खिलाफ जनआंदोलन ने आखिरकार पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर कर दिया है. बीते पांच दिनों से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन में 10 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं. विरोध की आग उस समय भड़क उठी जब जम्मू कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की सरकार से बातचीत विफल हो गई. आंदोलनकारियों ने 38 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए साफ कर दिया कि मांगे नहीं मानी गई तो सड़कों पर उतरेंगे और उन्होंने वैसा ही किया. पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच लगातार झड़पें होती रहीं. हालात इतने बिगड़ गए कि शहबाज शरीफ सरकार ने बातचीत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ की अगुवाई में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा.

# केजरीवाल ने बीजेपी पर साधा निशाना

**मायेम (गोवा), 4 अक्टूबर. अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. शनिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गोवा के मायेम पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के नए दफ्तर का उद्घाटन किया.**

इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कई बड़ी घोषणाएं कीं और गोवा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. सबसे पहले अरविंद केजरीवाल ने मंच से जनता से माफी मांगी. उन्होंने कहा, मैं देरी से पहुंचा, इसके लिए माफ़ी चाहता हूं. जिस रास्ते से आना था, उसकी हालत बेहद खराब थी. ऐसे में गोवा की जनता खुद सोच सकती है कि यहां की सरकार कितना विकास कर रही है. इसके बाद उन्होंने अपना दिल्ली वाला मास्टरस्ट्रोक खेलते हुए मायेम में एक मुफ्त मोहल्ला क्लिनिक खोलने का ऐलान कर दिया. उन्होंने कहा, अब से दो हफ्ते में मायेम में क्लिनिक शुरू होगा जहां हर बीमारी का इलाज और दवाइयां फ्री मिलेंगी. जब हमारे पास सत्ता नहीं है तब इतना काम कर रहे हैं, सोचिए जब सरकार बनेगी तो क्या होगा.

अपने संबोधन में केजरीवाल ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पर सीधा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम सावंत अपनी पत्नी को मायेम सीट से चुनाव लड़वाने की तैयारी में हैं. इन्हें वोट तो जनता से चाहिए, लेकिन विधायक बनाने के लिए सिर्फ अपना परिवार नजर आता है. पूरा गोवा कुछ खास परिवारों की जागीर बनकर रह गया है, केजरीवाल ने कहा. उन्होंने भाजपा पर जनता को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि गोवा में सरकारें आम जनता के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए बनती हैं. 2022 के विधानसभा चुनाव में आप ने गोवा में कुछ सीटों पर प्रभाव जरूर डाला था, लेकिन इस बार पार्टी अपनी रणनीति में आक्रामक बदलाव करती दिख रही है.



# संभल मस्जिद ध्वस्तीकरण पर मुस्लिम पक्ष को झटका

▶ हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की, ट्रायल कोर्ट में जाने को कहा

**इलाहाबाद/संभल. 4 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के संभल में सरकारी जमीन और तालाब पर अवैध निर्माण के आरोपों को लेकर चल रहे विवाद में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है.**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी है. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ता ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल करें. संभल में तालाब और सरकारी ज़मीन पर बनी मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के खिलाफ ध्वस्तीकरण आदेश को चुनौती देने वाली याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में खारिज कर दी गई. कोर्ट ने याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट का रास्ता दिखाया है. शनिवार सुबह 10 बजे जस्टिस दिनेश पाठक की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. मस्जिद कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक त्रिपाठी ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से चीफ स्टैंडिंग काउंसिल जे.एन. मौर्य और स्टैंडिंग काउंसिल आशीष मोहन श्रीवास्तव ने अदालत में बहस की. याचिका में मांग की गई थी कि मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के खिलाफ पारित ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाई जाए.

## आज का इतिहास

1858 जापान ने अनिच्छा से एमिटी वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए.

1862 अमेरिकन सिविल वॉर-कॉफेडरेट जासूस बेले बॉयड को उसके प्रेमी द्वारा उसके बदले जाने के बाद यूनियन सैनिकों ने गिरफ्तारी

1899 न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ

1899 पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

1947 दुनिया का पहला सामान्य-उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकडिजिटल कंप्यूटर बना.

# अब सीमा पर तैनात होंगी एके-630

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान सीमा से सटे आबादी वाले इलाकों और आस्था के केंद्रों को सुरक्षा देने के इरादे से मिशन सुदर्शन चक्र के तहत भारतीय सेना ने एक स्वदेशी कंपनी से छह एके-630 एमएम बंदूकें खरीदने की तैयारी की है. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिले सबक पर काम करते हुए एयर डिफेंस सिस्टम की खरीद के लिए टेंडर जारी किया. पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में नागरिक ठिकानों और धार्मिक इमारतों पर सीधे हमले किए थे. आगे ऐसा न होने देने के लिए सेना पहले से तैयारी कर लेना चाहती है. सेना वायु रक्षा ने एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के साथ छह एके630 एयर डिफेंस गन सिस्टम की खरीद के लिए एक आरएफपी जारी किया है.

# मॉयल ने सितंबर तक हासिल किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पाद

**भोपाल, 4 अक्टूबर. देश की अग्रणी मैंगनीज उत्पादक कंपनी मॉयल लिमिटेड ने सितंबर 2025 तक का अपना सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया है.**

कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 10.3 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है. कंपनी ने बताया कि सितंबर 2025 और वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में प्रभावशाली परिचालन प्रदर्शन किया गया, जिससे उत्पादन और बिक्री दोनों में मजबूती आई है. सितंबर 2024 की तुलना में सितंबर 2025 में उत्पादन 1.52 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.8 फीसदी अधिक है. इसके साथ ही अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग भी उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 5,314 मीटर तक पहुंच गई, जो 46 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है. यह मॉयल के संसाधन विस्तार पर लगातार ध्यान देने की प्रतिबद्धता को दिखाता है. वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में कुल उत्पादन 4.42 लाख टन दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 10.3 फीसदी अधिक है. वहीं बिक्री में भी उल्लेखनीय 18.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 3.53 लाख टन तक पहुंच गई. दूसरी तिमाही में अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग 21,035 मीटर तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि है. प्रबंध निदेशक अजीत सक्सेना ने कहा प्रमुख मानकों में मॉयल की वृद्धि यह दर्शाती है कि कंपनी अपनी परिचालन उत्कृष्टता को लगातार बेहतर कर रही है.

**मौसम की मार** | स्कूल बंद, मंदिरों तक पहुंच मुश्किल, प्रशासन अलर्ट पर

# देशभर में फिर से बारिश का कहर जारी

**शिमला/अमृतसर/वाराणसी/पटना, 4 अक्टूबर. उत्तर भारत के कई हिस्सों में जारी मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है.**



वाराणसी, देवरिया और पटना जैसे शहर जलप्रलय जैसे हालात से जूझ रहे हैं. कहीं सड़कें डूबी हैं, कहीं दुकानें, तो कहीं जिंदगी. वहीं हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है. 4 से 9 अक्टूबर तक भारी बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी के बीच पंजाब में भी प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वालों को सतर्क रहने को कहा है. हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि प्रशासन को राहत कार्य युद्धस्तर पर चलाने पड़ रहे हैं. उत्तर भारत में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है. वाराणसी, देवरिया और पटना जैसे प्रमुख शहरों में जलजमाव, पेड़ गिरने गिर गया.

देवरिया जिले में भी पिछले 24 घंटों से बारिश जारी है. कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से सड़कें बंद हो गई हैं. सलेमपुर तहसील के भरौली गांव में 20 वर्षीय युवक की बिजली गिरने से मौत हो गई है. प्रशासन ने स्कूल बंद कर दिए हैं और लोगों से अपील की है कि वे घरों के भीतर रहें और खुले स्थानों से बचें. भारी वर्षा से धान की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है.

# लालू-राबड़ी के घर में जमकर हंगामा



▶ सतीश कुमार के खिलाफ फूटा लोगों का जनाक्रोश

**पटना, 4 अक्टूबर. बिहार चुनाव से पहले आरजेडी के लिए बड़ी चुनौती उभर कर आई है. पटना में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर खुदुमपुर क्षेत्र के लोगों ने जमकर विरोध किया.**

चोर विधायक नहीं चाहिए के नारों के बीच सतीश पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि उन्हें दोबारा टिकट न दिया जाए. बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच आरजेडी एक और मुश्किल में घिर गई है. शनिवार को पटना स्थित लालू यादव और राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर खुदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया.

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पटना में एक अप्रत्याशित विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा. शनिवार दोपहर करीब 2 बजे, खुदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों लोग लालू यादव और राबड़ी देवी के सरकारी आवास पर पहुंच गए और मौजूदा विधायक सतीश कुमार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करने लगे. प्रदर्शनकारियों ने 'चोर विधायक नहीं चाहिए' और 'सतीश कुमार हटाओ, विकास लाओ' जैसे नारे लगाए, जिससे अफरा-तफरी मच गई. उनका आरोप था कि सतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र की जनता के साथ धोखा किया.

# ब्रिटिश पीएम 8 को भारत दौरे पर आएंगे

**नई दिल्ली 04 अक्टूबर.** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री मंत्री सर कीर स्टारमर आठ अक्टूबर को भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करेंगे. मोदी के निमंत्रण पर यहां आ रहे ब्रिटिश प्रधानमंत्री की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी. विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों प्रधानमंत्री 9 अक्टूबर को मुंबई में विजन 2035 के अनुरूप भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विविध पहलुओं में प्रगति की समीक्षा करेंगे। विजन 2035 दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश पर चर्चा करेंगे.